







## जमानत पर बाहर आकर नशीली कफ सिरप बेचने वाला गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, आपरेशन प्रहार 2.0 के तहत अमहिया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा है.**

पकड़ा गया आरोपी शातिर बदमाश है, जमानत पर बाहर आकर अवैध कारोबार कर रहा था. अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की सिरमौर चौराहा आडिटोरियम के सामने ओवर ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति पीले रंग के झोला में नशीली कफ सिरप लिये हुये बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहा है. कार्यवाही करने पहुंची पुलिस को मुखबिर के बताए हुलिया का व्यक्ति अपने हाथ में पीले रंग का झोला लिए हुए दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया. पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम आशुतोष कुमार तिवारी उर्फ अतुल पिता भैयालाल तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मझिगंवा पटखन टोला थाना बैकुंठपुर का होना बताया.

### नशीली कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

चोरहटा थाना अन्तर्गत आपरेशन प्रहार 2.0 के तहत नशीली कफ सिरप बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. जिसके पास से 42 शीशी नशीली कफ सिरप जप्त की गई है. आरोपी से पूंछताछ के दौरान कई अहम जानकारी मिली है. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया. यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह के निर्देश पर की गई. नौवस्ता चौकी प्रभारी प्रशांत शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति कोरेक्स लेकर ग्राहक के इंतजार मे मोटर सायकल से खम्हरिया रोड कालिका मंदिर के पास ग्राम बैजनाथ मे खड़ा है. मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी के मोटर सायकल में टगे कपडे के नीले रंग के झोले में रखी नशीली सिरप कुल 42 नग जप्त की गई. आरोपी सचिन उर्फ शशि प्रकाश तिवारी पिता प्रदीप तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी बैजनाथ थाना चोरहटा को गिरफ्तार कर पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया.

## गुरुनानक देव की जयंती शबद कीर्तन के साथ मनाई गई

### सिंधु भवन में वितरित हुआ लंगर का महाप्रसाद, गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारे में गुरू ग्रंथ साहब का पाठ, मात्था टेकने पहुंचे लोग




नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, मानवता के प्रेरणा स्त्रोत सिख पंथ के संस्थापक व प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी का 556 प्राकट्य महोत्सव धूम धाम से मनाया गया. इसके पूर्व शहर में शबद संकीर्तन शोभा यात्रा निकाली गई थी.**

शहर के गल्ला मंडी स्थित गुरूद्वारे में सुबह से ही सिख धर्म के अनुयायियों ने माथा टेका और दिन भर शबद कीर्तन कार्यक्रम चलता रहा. भज-कीर्तन के साथ गुरू ग्रंथ साहिब का पाठ कर गुरू जी की शिक्षाओं को याद किया गया. जन्मोत्सव पर गुरूद्वारो में माथा टेकने के साथ-साथ लंगर सेवा का भी आयोजन किया गया. गुरूद्वारे को लाइटिंग के साथ सजाया गया और यहा पिछले पांच दिन से कार्यक्रम चल रहा था. गुरु नानक देव जी ने हमें सदाचार, सत्य और नैतिकता का मार्ग दिखाया. सेवा, समता, प्रेम और करुणा का संदेश देतीं उनकी शिक्षाएं हमारे लिए जीवन-दर्शन हैं. इसी कड़ी में रीवा शहर के सिंधु भवन प्रांगण में संतधाम के स्वामी कृपाल दास जी और सिन्धी सेंट्रल पंचायत के मार्गदर्शन में 30अक्टूबर से पाठ प्रारंभ होकर, 5दिवसीय प्रभात फेरी व आज सत्संग भजन कीर्तन और गुरु ग्रंथ साहब का भोग साहब, पल्लव, अरदास पश्चात महाप्रसाद (आम लंगर) का आयोजन किया गया. उल्लेखनीय है कि गुरू नानकदेव के प्राकट्य महोत्सव को लेकर पिछले कई दिन से कार्यक्रम चल रहे थे. आरती, अरदास कार्तिक मास की कथा, सतसंग कीर्तन आदि प्रतिदिन हो रहे थे. इसके पूर्व शहर में शबद संकीर्तन शोभा यात्रा भी निकाली गई थी. बुधवार को गुरूद्वारे में लंगर का प्रसाद पाने लोगो की भीड़ लगी रही. लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और सेवा की. गुरूद्वारो को रंग बिरंगी रोशन और फूलो से सजाया गया. सुबह से ही यहा भक्ति और उत्सव का माहौल रहा. सभी ने गुरूनानक देव के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. सिंधु भवन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक हेमंत सिंह चौहान, वेंकटेश पांडे अध्यक्ष नगर निगम, डा0. नरेश बजाज, सिन्धी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष दादा प्रहलाद सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतूलाल आहूजा, घनश्याम दास काकवानी, सिंधु भवन ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल मंगलानी, दुलीचंद हंसपालानी, लद्दाराम ठारवानी, कोषाध्यक्ष नन्द लाल कोटवानी मौजूद रहे.

## विकास शुल्क जमा करने शहर में नगर निगम लगा रहा शिविर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016 के पूर्व अस्तित्व में आई अवैध कालोनी के वैधीकरण डिमांड के संग्रहण एवं वार्ड आधोसरंचना विकास प्रस्ताव को तैयार करने हेतु जोनवार विशेष शिविर लगाए जा रहे है.**

नगर निगम द्वारा आयोजित शिविरों में मुख्य रूप से वैधीकरण की गई कालोनी/कालोनियों में अधिभोगियों से विकास शुल्क राशि जमा कराने का कार्य, अधोसरंचना विकास प्रस्ताव का स्थानीयजन एवं प्रतिनिधियों के सहभागिता से स्थलीय परीक्षण एवं प्रस्ताव तैयार करने का कार्य, उक्त कालोनी/कालोनियों में जल प्रदाय/सीवर कार्य संबंधी आवश्यक कार्यों का आंकलन एवं अवैध कालोनी के बाधित भवन अनुज्ञा आवेदन पर अनुज्ञा जारी किये जाने का कार्य किया जावेगा. 06 नवम्बर को जोन 1 अंतर्गत वीरेन्द्र कॉलोनी, सरफराज कॉलानी, शेख कालोनी वार्ड 5 हेतु बकिया कालोनी धिरमा नाला के पास, जोन 2 अंतर्गत विभीषण नगर हेतु सत्यम एकेडमी रीवा, जोन 3 लक्ष्मण कॉलोनी, राजबहोर कॉलोनी, नरेन्द्र नगर कालोनी राजस्व ग्राम अनंतपुर हेतु जनता कॉलेज रोड लाइफ केयर हास्पिटल के पास एवं जोन 4 अंतर्गत कृष्णनगर कॉलोनी वार्ड 43 हेतु कृष्णा डेयरी के पास चिरहुला मंदिर के पीछे रीवा में शिविर का आयोजन किया जावेगा तथा 07 नवम्बर को जोन 2 में शिविर लगेगा.

## उर्वरक, बीज विक्रय का निरीक्षण करें : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग अन्तर्गत जिलों के कलेक्टर्स, एसडीएम व तहसीलदार को खाद-बीज केन्द्रो का निरीक्षण करने के निर्देश दिये.**

डबल लॉक केन्द्रों, समितियों एवं थोक व निजी विक्रेताओं के यहां से उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के विक्रय की सतत निगरानी रखें. उन्होंने उर्वरकों की समुचित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये हैं ताकि किसानों को सुविधाजनक ढंग से खाद व अन्य कृषि आदान प्राप्त हो सके. उन्होंने कहा है कि अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी कराई जाय तथा अनियमितता या अवैध भण्डारण पर आवश्यक कड़ी कार्यवाही की जाय.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा



**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर 6 नवम्बर को प्रात: 8 बजे रीवा पहुंचेगे. श्री शुक्ल स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत रात्रि विश्राम करेंगे. उप मुख्यमंत्री 7 नवम्बर को प्रात: 11 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे. यह कार्यक्रम पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित किया गया है. तदुपरांत श्री शुक्ल दोपहर 2.30 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 17वें अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम रीवा में करेंगे.

### वर्ष भर होंगे कार्यक्रम

**रीवा,** राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ देश भर में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक समारोह पूर्वक आयोजित की जायेगी. इस अवधि में वर्ष भर कार्यक्रमों का आयोजन किये जायेगा. वन्दे मातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रथम चरण में 7 नवंबर से 14 नवंबर तक वन्दे मातरम गायन को भव्य स्वरूप देने के लिए पुलिस बैंड, स्कूल, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी. 8 नवंबर को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वन्दे मातरम का गायन ग्राम स्तर तक होगा. जबकि 10 नवम्बर को नगरीय क्षेत्रों में वन्दे मातरम गीत का गायन किया जायेगा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी आयोजनों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम गरिमापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये हैं.

### बीएलओ के निलंबन का प्रस्ताव प्रेषित

**मऊगंज,**, अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मऊगंज ने बीएलओ शिक्षक रमेश साकेत के निलंबन का प्रस्ताव कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन को प्रेषित किया है. उल्लेखनीय है कि मतदाता के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ रमेश साकेत को मैपिंग कार्य के लिए उपस्थित होने के निर्देश दिये गये थे किंतु बीएलओ कार्य में उपस्थित नहीं हुए.



### मुनगा नर्सरी का सांसद ने किया निरीक्षण

**रीवा,** गुढ विधानसभा के ग्राम रौरा में मुनगा वन एवं 12000 मुनगा नर्सरी तैयार कर विभिन्न ग्राम पंचायत जिले में कुपोषण से मुक्ति को दृस्टिगत रखते हुए सांसद व जिला प्रशासन की विशेष पहल पर 1 लाख पौध रोपण की नर्सरी जिले में पाँच स्थानों पर तैयार कराई गई. जिसमे से रीवा जनपद ग्राम पंचायत रौरा के सरपंच राजेश वर्मा द्वारा तैयार मुनगा साहिजान की नर्सरी तैयार की गई एवं ग्राम पंचायत संजय बाग साला तालाब पर रोपित किया गये 2200 मुनगा पौधा का सांसद द्वारा निरीक्षण किया गया. पौधों की प्रगति और सरपंच की लगन देखकर मन प्रसन्न हुआ एक प्रेरणा मिली की जिले में रौरा जैसे ही वृक्षारोपण और जल सरक्षण कर तालाबों को बचाकर जल सरक्षण का कार्य कराया जाय. उनके द्वारा तीन हेक्टेयर में उत्पादित किए जा रहे टमाटर बैगन हल्दी गोभी देखकर प्रधानमंत्री की मंशानुसार नियमित फसल के आलावा उत्पादित किए जा रहे कइस कराफिंग एंटी ग्रेटेड फार्मिंग का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला. साथ ही उनके द्वारा गौ पालन गोवर गैस संयंत्र और नडेट के माध्यम से तैयार अर्गेनिक फरतीलाइजर का उपयोग भी देखने को मिला जो जिले वा प्रदेश के अन्य किसानों के लिए आदर्श प्रकल्प गई ऐसे उन्नत किसनो को सहयोग के लिए मन से सदैव प्रयत्नरत्न रहता हूं वास्तव में जय जवान जय किसान की पंक्तिया चरितार्थ होती है तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया.



एन्यूमरेशन फार्म प्राप्त करते हुए बीएलओ

## बीएलओ को एन्यूमरेशन फार्म का किया गया वितरण, अब घर-घर जाएंगे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, निर्वाचन आयोग भारत द्वारा म.प्र. में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है. इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जायेगा.**

इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता. आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है. उन्होंने प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फार्म का प्रतिदिवस ऐप में इंट्री किये जाने के निर्देश दिये हैं. उल्लेखनीय है कि बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार नाम, पता और बीपीआईसी नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा. नागरिकों से अपेक्षा की गयी है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जाँचे तथा पुष्टि करें.

जिन परिवारों में कोई नया सदस्य एक जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है. उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा. यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके. घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ कोई भी दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेगा. दस्तावेज़ केवल तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए. ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज़ माँगेगा. बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान-पत्र लेकर आएँगे, अत: नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर जानकारी साझा करें.

## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद बांटा गया प्रसाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, शहर के मध्य स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में अभिषेक और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया.**



अभिषेक और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और प्रसाद का वितरण हुआ. आयोजन में महापौर अजय मिश्रा बाबा, नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे, पंडित दीनानाथ शास्त्री, दीनानाथ वर्मा, अखंड प्रताप सिंह, सुनील सिंह ,प्रहलाद सिंह, संजीव मेहरोत्रा, सत्य नारायण चतुर्वेदी, कमलेश सचदेवा, नगर विजयादशमी समिति के संस्थापक संरक्षक सियाराम गुप्ता, संरक्षक महेंद्र सर्राफ, अध्यक्ष प्रकाश तारानी, उपाध्यक्ष प्रभात दीक्षित, महासचिव देवेश सोनी एवं कोषाध्यक्ष अमित डिगवानी, महेश ठारवानी, मोहित गुप्ता, सुबंधु मिश्रा, दिव्यांशु गौतम, सुमित डिगवानी, प्रमोद दीक्षित पप्पू मंजानी आदि मौजूद रहे.

मान्यता है कि यह प्राचीन हनुमान मंदिर बहुत ही सिद्ध स्थान है नगर विजयादशमी उत्सव समिति द्वारा समय-समय पर धार्मिक आयोजन कराए जाते रहते हैं, इसी कड़ी को आगे ले जाते हुए जनकल्याण हेतु राधा वल्लभ बड़े हनुमान जी मंदिर, लायंस क्लब नेत्र चिकित्सालय के पास नरेंद्र नगर में

## पशुओं को लंपी वायरस से बचाव के बताए गए उपाय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, पशुओं में होने वाले लंपी वायरस संक्रमण से बचाव के उपाय पशुपालन विभाग द्वारा बताये गये हैं.**

लंपी वायरस के कीड़े पशुओं में मच्छर, मक्खी और चिपकनी के कारण होता है. इसके अतिरिक्त संक्रमित पानी, चारा, गौशालाओं में गंदगी और नमी एवं बीमार गौवंश के लार, आंख के स्त्राव और दूषित चीजों के कारण लंपी वायरस फैलता है. पशुपालन विभाग के संयुक्त संचालक डीएस सिंह बघेल ने लंपी वायरस के बचाव के लिए गौवंश को गोटपाक्स वैक्सीन व लंपी प्रोबैक का टीकाकरण कराने का सुझाव दिया है.पशुपालक गौशालाओं में ब्लीचिंग पाउडर और सोडियम हाईपोक्लोराइट का छिड़काव कर गौशालाओं को साफ सुथरा रखें तथा पशुओं को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले पोषक आहार दें.

## फाइब्रोस्कैन नि:शुल्क शिविर आज से शुरू होगा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, जिले के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल के तहत अब लीवर संबंधी बीमारियों की नि:शुल्क जाँच की सुविधा उनके घर के करीब उपलब्ध होगी.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर 6 नवम्बर से 9 नवम्बर तक जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में आयोजित किए जाएंगे. इन शिविरों के माध्यम से आम जनता को लीवर की कठोरता और वसा की मात्रा की जाँच की अत्याधुनिक सुविधा नि:शुल्क मिल सकेगी. यह चार दिवसीय शिविर 6 नवंबर को सीएचसी मऊगंज में नईगढ़ी, मऊगंज और हनुमना ब्लॉक के नागरिकों के लिए आयोजित होगा. 7 नवंबर को सीएचसी त्योंथर में त्योंथर और जवा ब्लॉक के नागरिक इसका लाभ उठा सकेंगे. इसके बाद 8 नवंबर को यह शिविर जिला अस्पताल रीवा में आयोजित किया जाएगा. 9 नवम्बर को भी शिविर लगेगा.

## बारिश से क्षति हुई फसल का सर्वे करने पहुंची खेतों में टीम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, बेमौसम हुई बारिश से किसानो की खरीफ फसल नष्ट हो गई. फसलो का सर्वे शुरू कर दिया गया है. कई जगह अभी टीम किसानो के खेतो तक नही पहुंची है.**



जिले में हुई असामयिक वर्षा से फसलों की अनुमनित क्षति का खेतों में जाकर सर्वे करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये थे. राजस्व, कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों के संयुक्त दलों द्वारा खेतों में जाकर फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है. तहसील हुजूर के ग्राम कुचूर, पैपखरा 385, त्योंथर तहसील के देवरा, गोदखुर्द, रिसदा, फूलदेउर, जवा के जोन्हा एवं कोटा तथा गुढ़ के भीटा सहित सिरमौर, रायपुर कर्चुलियान सहित सभी तहसीलों में निरीक्षण दलों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावित किसानों की उपस्थिति में फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है. कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि फसल क्षति का आकलन कर रिर्पोट समयावधि में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावितों को मदद के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके. कई जगह सर्वे करने टीम अभी नही पहुंचे है और किसान खेत से कटी हुई फसल को उठाने लगे है.

## औघड़दास आश्रम में शिवार्चन महोत्सव के समापन पर बटा प्रसाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, औघड़दास आश्रम यज्ञलोक राधिकापुरी पड़रा में विश्वकल्याणार्थ तीन दिवसीय शिवार्चन और प्रवचन एक धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ.**

तृतीय दिवस देव पूजन, हवन, पूर्णाहुति पाश्चात्य भिंडारा के साथ सम्पन्न हुआ. भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.



त्रिदिवसीय श्रीशिवार्चनयाग महोत्सव बनारस से पधारे पुरोहितों द्वारा अनुष्ठान संपन्न कराया. धार्मिक ग्रंथों में श्लोकों में वर्णित है कि चाहे शिवार्चनयाग हो या चण्डीयाग हो या विष्णुयाग या पितृयाग किसी भी यज्ञ-यागादि के व्दारा ही मनुष्य मात्र का कल्याण सम्भव है, क्योंकि संसार के जितने भी कार्य हैं सभी यज्ञ पर ही आधारित हैं.

यज्ञ-यागादि का विधि-विधान पूर्वक अनुष्ठान करने से सभी प्रकार की मनोकामना की पूर्ति होती है. देर रात तक प्रसाद वितरण चला.

## सीसी सड़क और नाली निर्माण का किया गया भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 नवम्बर, नगर पालिक निगम रीवा वार्ड क्रमांक 43 में डब्ल्यूबीएम/ सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर अजय मिश्रा की उपस्थिति में विमलेश तिवारी द्वारा नारियल तोड़कर किया गया.**

उक्त निर्माण कार्य की लागत 57.50 लाख रू. से की जाएगी. साथ ही महापौर ने कार्य को निर्धारित समय सीमा में मानक, ड्रॉइंग-डिजाइन एवं गुणवत्ता अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए. यह कार्य क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सड़क एवं जल निकासी सुविधा उपलब्ध कराएगा.